UPEW010070072025

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश(द०प्र०क्षे०अधिनियम)इटावा ।**

**विशेष वाद संख्या–06/2025**

**राज्य बनाम अभयराम उर्फ टुण्डे**

**मु०अ०संख्या–94/2009**

**धारा–394 भा०द०संहिता।**

**थाना–वैदपुरा ,जिला–इटावा।**

**दिनांक–30.05.2026**

पत्रावली पेश हुई। अभियुक्त अभयराम उर्फ टुण्डे अनुपस्थित। पत्रावली साक्ष्य अन्तर्गत धारा–335 बी०एन०एस०एस०(धारा–299 द० प्र०संहिता)हेतु नियत है।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि थाना वैदपुरा जिला इटावा की पुलिस द्वारा अभियुक्तगण अभयराम उर्फ टुण्डे व प्रमोद के विरूद्ध मु०अ०सं०–94/2011 अन्तर्गत धारा–394 भा०द० संहिता में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया,जोकि विशेष वाद संख्या 93/2010 राज्य बनाम अभयराम उर्फ टुण्डे आदि के रूप में दर्ज हुयी। मूल पत्रावली में अभियुक्त अभयराम उर्फ टुण्डे विगत काफी समय से अनुपस्थित चल रहा था और उसकी उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने हेतु उसके विरूद्ध बिना जमानतीय अधिपत्र के साथ धारा–82/83 द०प्र० संहिता के प्रोसेस जारी किये गये,जिस पर यह आख्या प्राप्त हुयी कि अभियुक्त के घर जाकर गिरफ्तारी हेतु दविश दी गयी तो दस्तयाब नहीं हुआ। आदेशपत्रक के अवलोकन से यह भी विदित होता है कि अभियुक्त के विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही भी की गयी है तथा तामीला के सम्बन्ध में उपनिरीक्षक आलमगीर का साक्ष्य भी अंकित किया गया है,जिसमें यह आया है कि अभियुक्त के घर पर ताला लगा मिला। थाने से प्राप्त आख्याओं व साक्ष्य के आधार पर विशेष वाद संख्या–93/2010 में अभियुक्त अभयराम उर्फ टुण्डे

Digitally signed by ALOK KUMAR SRIVASTAVA
Date: 2026.05.30 11:26:59 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court

के अनुपस्थित रहने के कारण अभियुक्त को फरार घोषित किया गया।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि मूल पत्रावली विशेष वाद संख्या–93/2010 राज्य बनाम अभयराम उर्फ टुण्डे आदि में आदेश दिनांकित 14.10.2025 के तहत अभियुक्त अभयराम उर्फ टुण्डे की पत्रावली पृथक किये जाने का आदेश पारित किया गया है,जोकि विशेष वाद संख्या–06/2025 के रूप में दर्ज हुयी। प्रकरण में पूर्व में एस०आई० आलमगीर का साक्ष्य भी अंकित किया जा चुका है। अभियुक्त विगत कई वर्षों से अनुपस्थित है। थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया है,परन्तु अभियुक्त का कुछ भी पता नहीं चला सका। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को फरार घोषित किया जा चुका है। आज पत्रावली अभियोजन साक्ष्य अन्तर्गत धारा–335 बी० एन० एस० एस०(धारा–299 द०प्र० संहिता)हेतु नियत है। अभियोजन की ओर से कोई साक्षी उपस्थित नहीं है। अभियोजन की ओर से आदेशपत्रक पर यह अंकन किया गया कि एस०आई० आलमगीर का साक्ष्य अंकित किया जा चुका है। इस स्तर पर अन्य कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करनी है। मामला अत्यन्त पुराना है। अभियुक्त कई वर्षों से अनुपस्थित हैं। अभियुक्त के निकट भविष्य में गिरफ्तार किये जाने की कोई संभावना प्रकट नहीं हो रही है।

अतः ऐसी स्थिति में **अभियुक्त अभयराम उर्फ टुण्डे के विरुद्ध स्थायी गैर जमानतीय वारण्ट जारी हो। अभियुक्त का नाम थाने की भगौड़ा रजिस्टर में दर्ज हो। इस संबंध में संबंधित थानाध्यक्ष को पत्र लिखा जाए। कार्यालय लिपिक उपरोक्त के संबंध में कार्यवाही करें।**

यह पत्रावली इस निर्देश के साथ दाखिल अभिलेखागार हो कि इसका रिकार्ड कभी विनिष्ट न किया जाए तथा अभियुक्त **अभयराम उर्फ टुण्डे** के कभी निकट भविष्य में कभी भी हाजिर होने पर अथवा उसके गिरफ्तार होने पर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने पर यह पत्रावली न्यायालय को वापस भेजी जाएगी।

**(आलोक कुमार श्रीवास्तव)**

विशेष न्यायाधीश(द०प्र०क्षे०अधि०)इटावा।

J.O.Code No–1546